पंजाब केसरी 19/03/2026

युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए किया प्रेरित

सैमीनार में उपस्थित भारतीय वायु सेना के अधिकारीगण व अन्य। (चंद्रमोहन)

अम्बाला, 18 मार्च (बलराम): गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज ने विद्यार्थियों और एन.सी.सी. कैडेट्स के लिए रक्षा सेवाओं में प्रवेश विषय पर एक विशेष सैमीनार का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को भारतीय वायु सेना में करियर के अवसरों से अवगत कराना और उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करना था।

सैमिनार का संचालन 1 एयरमैन सिलैक्शन सैंटर से आए भारतीय वायु सेना के अनुभवी अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया।

इस टीम में सार्जेंट, ट्रांसलेशन ऑफिसर सतीश कुमार, सार्जेंट मोहनलाल यादव, सार्जेंट हरिओम पांडेय और सार्जेंट शिशपाल शामिल रहे।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सार्जेंट मोहनलाल यादव ने विशेष रूप से अग्निवीर वायु योजना की पात्रता, चयन प्रक्रिया, प्रशिक्षण और करियर अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कॉलेज के प्राचार्य ने आयोजन की सराहना करते हुए वायु सेना अधिकारियों का धन्यवाद किया। सैमीनार में कॉलेज के संकाय सदस्य भारती शर्मा, महिमा और ऋतिका यादव ने भी उपस्थित होकर छात्रों को ऐसे प्रतिष्ठित करियर विकल्पों की ओर प्रेरित किया।